विशाल शर्मा मौजूद रहे।

मेहनत व समर्पण के साथ प्राप्त करें लक्ष्यों को छात्रः ओंकार सिंह

धूमधाम से मनाया डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी संस्थान, टनकपुर ने अपना 9वां स्थापना दिवस

अमर हिन्दुस्तान

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 ओंकार सिंह ने कहा कि छात्रों को वर्तमान की औद्योगिक क्रांति में इण्डस्ट्री 4.0 के अन्तर्गत साइबर फिजिकल सिस्टम विकसित करने की दौड़ में देश की बहुत बड़ी युवा आबादी में सबको काम देने के उद्देश्य से मानव संचालित प्रणालियों को भी विशेष रूप से विकसित करने पर जोर देने की आवश्यकता है।

उन्होंने छात्रों को मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे समाज की छोटी छोटी दैनिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रोजेक्ट कार्य करें ताकि इंजीनियरिंग तकनीकों का प्रयोग कर सामाजिक समस्याओं का समाधान हो सके। और विश्वविद्यालय के स्तर से प्रोजेक्ट हेतु प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता के लिए विकल्प का इस्तेमाल छात्रों को करना चाहिए। कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने यह बात गुरूवार को टनकपुर स्थित विश्वविद्यालय के परिसर डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिक संस्थान के नवें स्थापना दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर छात्रों को सम्बोधति करते हुए कही।

इसकार्यक्रम की शुरुआत कुलपति तथा संस्थान के निदेशक प्रो॰0 हरद्वारी लाल मंडोरिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा संस्थान के निदेशक प्रो. हरदवारी लाल मंडोरिया ने अपने उदबोधन में संस्थान की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

इसी के साथ बी्टेक प्रथम वर्ष के छात्रों के औरियेंटेशन प्रोग्राम का भी शुभारंभ कुलपति द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनमें वंशिता कश्यप का सोलो गायन, तेजस्वरी सिंह का सोलो नृत्य, अंकित जोशी का वाद्य यंत्र के साथ गायन, गौरव का बांसुरी वादन, मीनाक्षी ज्याला का सोलो गायन और हर्षिता एवं समूह का समूह नृत्य शामिल थे।

इस कार्यक्रम के दौरान बी.टेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच के तृतीय वर्ष के छात्र उत्तम तिवारी कोमाननीय कुलपति महोदय द्वारा उनके वैश्विक मंच टेड टॉक पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उत्तम तिवारी को हाल ही में वैश्विक मंच टेड टॉक पर आमंत्रित किया गया था, जहां उन्होंने अपने इंजीनियरिंग से जुडे अनुभव साझा किए। कार्यक्रम अवसर पर एक कार्यशाला " पाइथन विथ आईओटी एप्लिकेशन " का भी आयोजनकिया गया, जिसमें मुख्यवक्ता सॉफ्ट प्रो ग्रुप की सीईओ सुश्री याशी अस्थाना तथा सीटीओ रोहित कुमार द्वारा पाइथन प्रोग्रामिंग तथा उसके उपयोगोंकी जानकारी दी गयी।

इस कार्यक्रम मे डॉ अभिषेक पाठक ,डॉ॰ देव प्रकाश सत्संगी, डॉ॰ भूपेन्द्र कुमार, श्रीमती अंजना, डॉ जगत पाल सिंह सहित समस्त शिक्षक -शिक्षिकाए एवं छात्र-छात्राये उपस्थित रहे।